हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 10 सितंबर 2025

04 नगरपालिका क्षेत्र के दुकानदारों को बनाने...



08 नियमों का उल्लघंन कर रहे वाहनों के खिलाफ ...





## खबर संक्षेप

### कमिश्नर आज विभागों की समीक्षा बैठक लेंगे

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी बुधवार 10 सितंबर को प्रातः 10:30 बजे से आयुक्त सभा कक्ष में मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम, मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड गृह निर्माण मंडल, मध्य प्रदेश क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ऊर्जा तथा नवीन एवं नवीनीकरण ऊर्जा विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक लेंगे।

### अधिकारी एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण आज शुरू

**नर्मदापुरम।** राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग के अंतर्गत प्रदेश के नागरिको को परिपूर्ण जीवन जीने की विधा सिखाने एवं कार्यों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का संचालन करता है। तत्संबंध में जिला परियोजना समन्वय जिला शिक्षा केन्द्र राजेश जायसवाल ने बताया कि राज्य आनंद संस्थान द्वारा 10 से 12 सितंबर तक 3 दिवसीय आवासीय आनंदम सहयोगी प्रशिक्षण जिले के 25 अधिकारी, कर्मचारियों के लिए आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम भोपाल में आयोजित किया जाएगा।

## आरटीओ विभाग कसेगा शिकंजा, रोजाना होगी चालानी कार्रवाई

# 3+1 सीटर ऑटो में 8 व 6+1 सीटर मैजिक में बैठ रहे 15-15 विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर की सड़कों पर दौड़ते आटो, मैजिक और स्कूल वैन स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए चलती हुई खतरे की गाड़ी बन चुकी हैं। इन वाहनों में क्षमता से दुगुने तिगुने बच्चे पटिया लगा-लगाकर बैठाया जाता है। न सीट की गिनती का ख्याल रखा जाता है, न बैल्ट, न सैफ्टी की सुविधा होती है। कभी-कभी तो बच्चे आटो से बाहर लटकते हुए देखे जा सकते हैं। हर दिन बच्चे खतरे के साये में स्कूल पहुंच रहे हैं।

लगातार शिकायतों के बाद आरटीओ अधिकारी नर्मदापुरम रिंकु शर्मा द्वारा मंगलवार को कुलामड़ी रोड पर सुबह स्कूली बच्चों को ले जाते हुए आटो, बसों, आदि की जांच की जिसमें क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाना पाया गया साथ ही गाड़ी के दस्तावेज भी नहीं पाये गये।

मंगलवार को आरटीओ अधिकारी रिंकू शर्मा ने कुलामड़ी के पास आटो चालकों पर कार्रवाई करते हुए वाहनों से 10 हजार 500 का चालान वसूला।



### तय सीमा से बैठाते हैं अधिक सवारी

आटो चालकों द्वारा ज्यादा किराये के लालच में लोंगों की जान से खिलवाड़ा किया जा रहा है। नर्मदापुरम में ऐंसी तस्वीरे आपको शहर की सड़को पर आसानी से देखने को मिल जाएंगी जहां आटो में तय सीमा से अधिक सवारी बैठाई गई है। इन आटो चालकों पर नियंत्रण लगाने के लिए आरटीओ विभाग ने नियम बनाए है जिसका यह पालन नहीं कर रहे।

### आटीओ ने लगाया जुर्माना

आरटीओ रिंकू शर्मा ने मंगलवार को जांच के दौरान एक्स्ट्रा सीट लगाकर बच्चों को ले जाने वाले 21 ऑटो चालकों को पकड़ा। साथ ही एक स्कूली बस को भी जब्त कर आरटीओ



कार्यालय में खड़ा कराया। कई ऑटो रिक्शा चालकों के पास लायसेंस एवं गाड़ी की फिटनेस तथा अन्य डॉक्यूमेंट भी नहीं थे। इन पर चालानी कार्रवाई की गई। इनमें से ओवरलोडिंग वाले 18 ऑटो रिक्शा चालकों पर कुल 10 हजार 5 सौ रुपए का जुर्माना लगाया गया।

### 21 आटो चालकों पर की कार्रवाई

आज जब्त 21 आटों में ओव्हरलोडिंग के लिए पट्टे लगे हुए थे उन्हें निकालवा दिया है और आटो चालकों को निर्देश दिए जा रहे हैं कि आगे पट्टे नहीं लगाए तथा आरटीओ विभाग 2019 में स्कूल प्रबंधकों, आटो चालकों एवं पालकों के लिए जारी सर्कुलर को दोबारा दिया पुनः दिया जाएगा ताकि निर्देशों का पालन हो सके।

**रिंकू शर्मा, आरटीओ अधिकारी, नर्मदापुरम**

## 82 आवेदनों पर अपर कलेक्टर ने की जनसुनवाई, दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर राजीव रंजन पांडे ने जनसुनवाई कक्ष में कुल 82 आवेदकों की समस्याओं की सुनवाई कर उनका समाधान किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर नीलेश शर्मा, देवेंद्र प्रताप सिंह एवं विजय राय भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान कई आवेदकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण भी किया गया। ग्राम काजलखेड़ी माखन नगर निवासी रोशनलाल अहिरवार ने अति-वर्षा से क्षतिग्रस्त कच्चे मकान के संबंध में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सहायता हेतु आवेदन दिया, जिस पर अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को पात्रता अनुसार लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इसी तरह हरीश कुमार की आधार डी-लिंकिंग संबंधी समस्या का समाधान मौके पर ही ई-गवर्नेंस मैनेजर द्वारा कर दिया गया। एक अन्य मामले में नर्मदापुरम निवासी पप्पू बस्तरवार ने प्रसूति सहायता राशि न मिलने की समस्या बताई।

इस पर अपर कलेक्टर श्री पांडे ने सिविल सर्जन सुनिता कामले को जांच कर नियमानुसार राशि दिलाने के निर्देश दिए। ग्राम मटकुली, तहसील पिपरिया निवासी भैयालाल यादव द्वारा दुधारू पशु (भैंस) की विद्युत खंभे के संपर्क में आने से मृत्यु पर मुआवजा राशि प्रदाय करने का आवेदन दिया गया। इस पर तहसीलदार पिपरिया को जांच कर नियमानुसार क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में मूंग की राशि न मिलने, अत्यधिक विद्युत बिल आने, वृद्धा पेंशन न मिलने, भूमि सीमांकन न होने सहित अन्य समस्याओं पर भी सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए।

## अनियंत्रित कार सड़क से 20 फीट नीचे गिरी, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के बुधनी रोड स्थित SPM पुलिया के पास तेज रफ्तार बोलोरो कार अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे आ गिरी। घटना मंगलवार दोपहर करीब 3.30 बजे की है। घटनास्थल को देख काफी भयानक तरह से कार पेड़ों से टकराकर नीचे गिरी। हालाकि गाड़ी से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। घायल को एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। घटना के कुछ देर बाद कुछ युवकों ने बोलेरो गाड़ी के आगे पीछे की नम्बर प्लेट निकाल ली। वहां



मौजूद बुधनी निवासी जितेंद्र कुमार ने बताया कि घटना में किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।

गाड़ी सड़क से उछलकर करीब 20 फीट नीचे जा गिरी। जिससे कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद मौके पर लोगों भीड़ लग गई थी। इस मामले में शाम 4.45बजे तक कोतवाली थाने में कोई सूचना नहीं आई।

## 17 से सेठानीघाट पर प्रारंभ होगा 18 दिवसीय श्रीरामलीला महोत्सव आयोजन

**2 अक्टूबर को रावण वध की लीलाओं का होगा मैदानी मंचन, 5 अक्टूबर को बड़े श्रीरामन्दिर में हवन शांति के साथ महोत्सव का विश्राम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्रीरामलीला के संयोजक प्रशांत मुन्नू दुबे ने जानकारी में बताया कि महोत्सव का यह 145 वां वर्ष है जिसमें श्रीराम ,जानकी , लक्ष्मण , भरत और शत्रुघ्न के पात्रों द्वारा दोपहर में बड़े श्रीराम मंदिर में मुकुट पूजन और अनुष्ठान से श्रीरामलीला महोत्सव की शुरुआत होगी पश्चात रात्रि ठीक 8 बजे से सेठानीघाट पर बनाये गए भव्य मंचों से श्रीरामलीला के मंचन होंगे प्रारम्भ ।

### इस प्रकार होंगी लीलाएं

प्रथम दिवस 17 सितंबर को श्रीशंकर विवाह और नारद मोह की लीला का आकर्षक मंचन



होगा , दिं. 18 सितंबर को मनुचरित श्रीराम जन्म , दिं 19 सितम्बर को ताड़का वध , दिं 20 सितंबर को नगर दर्शन पुष्पवाटिका , दि 21 सितंबर को धनुषयज्ञ लक्ष्मण-परशुराम संवाद और 22 सितम्बर अश्विन शुक्ल प्रतिपदा को भगवान श्रीराम की बारात सेठानीघाट से सायंकाल ठीक 5 बजे प्रमुख मार्गो से निकाली जावेगी , दिं 23 सितंबर को श्रीरामवनवास , दिं 24 सितंबर को दशरथ मरण केवट प्रसंग , दिं 25 सितम्बर को भरत-मिलाप , दिं 26 सितंबर को सीताहरण , दिं 27 सितंबर को श्रीराम-सुग्रीव मैत्री , दिं 28 सितंबरको लंका दहन की लीलाओं का मंचन सेठानी घाट पर होगा ।

श्रीराम-रावण के युद्ध की लीलाएं 29 सितम्बर से दशहरा मैदान में अपरान्ह 4:30 से विजया दशमी तक प्रतिदिन होगी , जिसमें दिं 29 सितंबर को लक्ष्मण शक्ति , दिं 30 सितंबर को कुम्भकरण वध , दिं 1 अक्टूबर को मेघनाद वध और 2 अक्टूबर को रावण वध की लीलाओं का मैदानी मंचन होगा ।

पश्चात पुनः सेठानीघाट पर दिं 3 अक्टूबर को उत्तरभरत मिलाप , दिं 4 अक्टूबर को श्रीरामराज्याभिषेक की लीलाओं का मंचन होगा । दिं 5 अक्टूबर को बड़े श्रीरामन्दिर में हवन शांति के साथ श्रीरामलीला महोत्सव का विश्राम होगा । श्रीराम लीला महोत्सव समिति ने नगर के सभी धर्मप्रेमियों और नागरिकों से शामिल होकर रामलीला मंचन का आनंद लेने की बात कही है।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ आयोजित

**नर्मदापुरम।** केन्द्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित 'मेरा रेशम मेरा अभिमान' अभियान के तहत नर्मदापुरम के शासकीय रेशम केन्द्र, पलिया-पिपरिया में एक दिवसीय क्षेत्र प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शहतूती प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन किया गया और रेशम कृषकों को नवीनतम तकनीकों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में शासकीय रेशम केन्द्र, पलिया-पिपरिया एवं तिन्दवाड़ा से जुड़े समस्त पंजीकृत तथा अन्य कृषको ने भाग लिया। कार्यक्रम में पी.वी. दिनेश कुमार, वैज्ञानिक-वी, केन्द्रीय रेशम बोर्ड, नर्मदापुरम, वरिष्ठ तकनीकी सहायक गमेर सिंह कितावत आदि उपस्थित रहे।

## विधायक प्रतिनिधि एवं राजस्व सभापति प्रतिनिधि ने किया बाजार क्षेत्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बाजार क्षेत्र का नपा में विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव एवं राजस्व सभापति प्रतिनिधि और भाजपा नेता हंस राय द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय व्यापारीगणों से चर्चा कर जल्द से जल्द जल भराव की समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान करने के लिए नपा के अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए।

उन्होंने नपा के अधिकारी से कहा कि इस समस्या का स्थाई हल निकालें। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि पूनम मेषकर, अजय सैनी,





कुलदीप राठौर सहित व्यापारीगण उपस्थित रहे।

स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि विधायक डॉ सीताशरण शर्मा, नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशों के पालन में जल भराव की समस्या से निपटने के लिए नपा की टीम अलसुबह से ही युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। श्री तिवारी ने बताया कि बाजार क्षेत्र में चेंबर के अंदर फर्सी टूट कर गिर गई है साथ ही जल के साथ आने वाली मिट्टी, गाद और कचरा भी जल निकासी की समस्या उत्पन्न कर रहा है। पंप लगाकर चेंबर का पानी खाली किया जा रहा है। साथ ही वैक्यूम एमपीटीआर की भी मदद ली जा रही है। पानी खाली हो जाने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कोई भी फाइल 24 घंटे से अधिक समय पेंडिंग न रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने साप्ताहिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में नर्मदापुरम संभाग के कलेक्टर को निर्देश दिए की कोई भी ई फाइल अपनी लागिन पर आने पर 24 घंटे में उस फाइल का निराकरण करें।

कमिश्नर ने कहा कि लंबे समय तक फाइल पेंडिंग रहने से अनिश्चितता की स्थिति निर्मित होती है। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि जिन फाइलों में गहन विचार विमर्श एवं अन्य जानकारी की आवश्यकता होती है उन फाइलों को छोड़कर शेष सभी फाईले 24 घंटे में निराकृत कर दी जाए। कोई भी फाइल लंबित न रहे। कमिश्नर श्री तिवारी ने निर्देश दिए की गत दिनों से लगातार बारिश को देखते हुए जनहानि एवं पशु होनी एवं सर्प दंश की घटनाएं सामने आई है। ऐसी स्थिति में आरबीसी 6/4 में पात्र पाए जाने पर संबंधित को राहत राशि देना सुनिश्चित किया जाए।

कमिश्नर ने कहा कि यदि बारिश के कारण फसल क्षति हुई है तो ऐसी स्थिति में भी फसल मालिक को राहत राशि देना सुनिश्चित किया जाए।कमिश्नर ने सभी कलेक्टर को निर्देश दिए कि आगामी माह में फसल कटाई के पश्चात बहुत बड़ी संख्या में नरवाई जलाने की घटनाएं घटित हो सकती है। नरवाई जलाने से जमीन की उर्वरकता शक्ति समाप्त हो जाती है। उन्होंने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए।

## एसपी डॉ. गुरकरन सिंह का तबादला रतलाम हुआ साईंकृष्णा एस थोटा होंगे जिले के नए कप्तान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश में सोमवार देर रात बड़े पैमाने पर पुलिस महकमे में फेरबदल हुआ। गृह विभाग ने 30 आईपीएस अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए। इनमें नर्मदापुरम, हरदा और बैतूल जिलों के एसपी भी बदले गए हैं।

नर्मदापुरम एसपी डॉक्टर गुरकरन सिंह का तबादला रतलाम में सेनानी 24वीं वाहिनी विसबल, जावरा किया गया है। उनकी जगह अब पन्ना के एसपी साईंकृष्ण एस थोटा को नर्मदापुरम का नया एसपी बनाया गया है। 2014 बैच के आईपीएस थोटा अब जिले की कमान संभालेंगे। बैतूल एसपी





निश्चल झारिया का तबादला सेनानी 5वीं वाहिनी मुरैना कर दिया गया है। श्योपुर एसपी वीरेंद्र जैन अब बैतूल के एसपी होंगे। हरदा एसपी अभिनव चौकसे को भोपाल नगर पुलिस में उपायुक्त (जोन-3) बनाया गया है। उनकी जगह 2019 बैच के आईपीएस शशांक को हरदा का नया एसपी नियुक्त किया गया है।

डॉ. गुरकरन सिंह सितंबर 2021 से नर्मदापुरम में एसपी पद पर थे। उनके कार्यकाल में रेप के मामलों में तीन आरोपियों को फांसी की सजा दिलाई गई। इनमें केसला, सोहागपुर और सिवनी मालवा में बच्चियों से दुष्कर्म व हत्या के केस शामिल हैं।

## समाधान ऑनलाइन में सीएम ने की आवेदकों की सुनवाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाधान ऑनलाईन में जिले के विभिन्न श्रेणी के प्रकरणों की सीधी सुनवाई की और आवेदकों से रू-ब-रू बात कर उनके मामले के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागरिक सेवाओं में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कलेक्टर को सरकार की योजनाओं के डिलेवरी सिस्टम की बेहतरी और मजबूती के लिये सतत प्रयास करें। नागरिकों के काम समय पर हों और उन्हें अपनी छोटी-छोटी जरूरतों के लिये यहां-वहां भटकना न पड़े, यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि आवेदकों की समस्याएं रूटीन कोर्स में जिला स्तर पर ही निराकृत हो जाएं।

## बेनिफिसियरीज एसोसिएशन की कार्यकारिणी बैठक

# नर्मदापुरम में खुलेंगे सीजीएचएस वैलनेस सेंटर, सेवानिवृत्त कर्मचारी होंगे लाभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सीजीएच एस बेनिफिसियरीज एसोसिएशन की कार्यकारिणी बैठक अनन्या ज्योति पब्लिक स्कूल नर्मदापुरम में आहूत की गई, बैठक में कार्यकारिणी के २०सदस्यों ने भाग लिया। अध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने जानकारी दी कि वित्त मंत्रालय द्वारा नर्मदापुरम में सीजी एच एस वैलनेस सेंटर खोले जाने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है इसके लिए शुरुआत में एक डॉक्टर एवं तीन मेडिकल स्टॉफ की भर्ती केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा की जाना है।

इस खबर से सेवानिवृत केंद्रीय कर्मचारियों में ख़ुशी की लहर दौड़ गई है। ज्ञात हो कि अभी तक सेवानिवृत केंद्रीय कर्मचारियों को



अपना इलाज कराने के लिए भोपाल जाना पड़ता है तथा जिसमें उन्हें दो से तीन दिन तक लग जाते है तब कहीं जाकर इलाज हो पाता है इस कारण से कई सीजीएचएस कार्ड होल्डर इस सुविधा से बंचित रह जाते है। नर्मदापुरम में वैलनेस सेंटर खुलने से नगर पालिका सीमा के एनएबीएल सर्टिफाइड हॉस्पिटल सूचिबद्ध हो जाएंगे जिसका लाभ सभी सेवानिवृत कर्मचारियों को मिलेगा।

## किसान खेत पाठशालाओं का आयोजन आज से

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार नर्मदापुरम जिले में खरीफ मौसम के तहत 10 सितंबर से विकासखंडवार और ग्रामवार किसान खेत पाठशालाओं का आयोजन किया जाएगा। इन पाठशालाओं का उद्देश्य किसानों को नरवाई न जलाने एवं संतुलित उर्वरको का उपयोग करने के संबंध में वैज्ञानिक तकनीकों के बारे में जागरूक करना और उन्हें अपनाने के लिए प्रेरित करना है। किसानों को नरवाई न जलाने के लिए प्रेरित करना और इसके विकल्प जैसे हार्वेस्टर के साथ एस.एम.एस अटैचमेंट, हैप्पी सीडर, सुपर सीडर का उपयोग करना। साथ ही उर्वरकों के संतुलित उपयोग और डी.ए.पी. के वैकल्पिक उर्वरकों के बारे में जानकारी देना। तत्संबंध में कलेक्टर ने एसडीएम राजस्व सर्व को निर्देशित किया है कि संबंधित अधिकारियों की बैठक एवं प्रशिक्षण आयोजित करें।

## जिले में खाद उपलब्धता एवं मूंग उपार्जन भुगतान की हुई समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना ने मंगलवार को आयोजित बैठक में जिले में खाद की उपलब्धता एवं मूंग उपार्जन के भुगतान की समीक्षा की। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जिले में खाद का वितरण समितियों एवं गोदाम स्तर से सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार किसानों को 50-50 प्रतिशत मॉड्यूल पर खाद का वितरण किया जाए तथा किसानों को वितरण की जानकारी समितियों एवं गोदाम स्तर से उपलब्ध कराई जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में खाद की कालाबाजारी एवं अमानक खाद के विक्रय पर सख्ती से कार्यवाही की जाए। अधिकारी नियमित भ्रमण कर निजी खाद विक्रय केंद्रों की जांच करें उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को खाद के वितरण हेतु सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।

## खबर संक्षेप

### बैतूल जिले में 4.97 करोड़ की अनुग्रह सहायता वितरित



**बैतूल।** मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेशभर में अनुग्रह सहायता राशि का वितरण किया गया। इस अवसर पर बैतूल जिले के 218 प्रकरणों में कुल 4.97 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया। जिले के प्रकरणों में से 180 सामान्य मृत्यु, 33 दुर्घटना मृत्यु तथा 5 आंशिक स्थाई अपंगता से संबंधित हैं। इन सभी प्रकरणों में पात्र हितग्राही परिवारों को सहायता राशि प्रदान की गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित किया गया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

### हृदय रोग शिविर 10 सितंबर को

**बैतूल।** आरबीएसके कार्यक्रम के अंतर्गत डीईआईसी जिला चिकित्सालय परिसर बैतूल में हृदय रोग शिविर का आयोजन 10 सितम्बर 2025 को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। जिसमें जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के संभावित ह्नदय रोग के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। बच्चों का उम्र के अनुसार वजन नहीं बढना, बच्चे के नाखून एवं होंठ में नीलापन आना, खेलते समय या कार्य करते समय थकान महसूस करना, सीने में दर्द महसूस करना, सांसे का तेजी से चलना आदि लक्षण पाये जाते हैं संभावित हृदय रोगी हो सकते हैं, इनका समय पर परीक्षण किया जाना आवश्यक है। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा परीक्षण किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर आयोजित



**बैतूल।** जिला चिकित्सालय बैतूल में मंगलवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आयोजित शिविर में स्त्री रोग चिकित्सक डॉ समीक्षा बानखेडे द्वारा 109 गर्भवती महिलाओ की चिकित्सकीय जांच की गई। जिसमें 36 गर्भवती महिलाओं को हाई रिस्क के रूप में चिन्हित किया गया, 86 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की गई। सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र चिचोली में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ ईशा डेनियल द्वारा 65 गर्भवती महिलाओ की चिकित्सकीय जांच की गई, जिसमें 42 गर्भवती महिलाओं को हाई रिस्क के रूप में चिन्हित किया गया। सिविल अस्पताल आमला में स्त्री रोग चिकित्सक डॉ मानसी नामदेव द्वारा 78 गर्भवती महिलाओं की चिकित्सकीय जांच की गई, जिसमें 58 गर्भवती महिलाओं को हाई रिस्क के रूप में चिन्हित किया गया। सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र शाहपुर में स्त्री रोग चिकित्सक सिद्धी अग्रवाल द्वारा 67 गर्भवती महिलाओं की जांच की, जिसमें 47 हाई रिस्क महिलाएं पाई गई। सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र भैंसदेही में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ स्वाती बरख? द्वारा 74 गर्भवती महिलाओं की जांच की, जिसमें 32 हाई रिस्क महिलाऐं पाई गई। सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र भीमपुर में चिकित्सा अधिकारी डॉ तरूणा काको?िया द्वारा 62 गर्भवती महिलाओं की जांच जिसमें 18 हाई रिस्क महिलाऐं पाई गई। सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र आठनेर में चिकित्सा अधिकारी डॉ ज्योति इवने द्वारा 106 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिसमें 45 हाई रिस्क महिलाएं पाई गई। सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र सेहरा अंतर्गत चिकित्सा अधिकारी डॉ कविता सिमैया एवं डॉ रत्नेश खा? द्वारा 237 गर्भवती महिलाओं की जांच की, जिसमें 53 हाई रिस्क महिलाएं पाई गई। सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र प्रभात पट्टन में डॉ सोनाली मरकाम द्वारा 94 गर्भवती महिलाओं की जांच जिसमें 30 हाई रिस्क महिलाएं पाई गई। शिविर में आई समस्त माताओं की खून की एवं जीडीएम की जांच की गई।

### सभी प्रकार की दुकानों पर लागू होगी व्यवस्था

# नगरपालिका क्षेत्र के दुकानदारों को बनाने होंगे ट्रेड लाइसेंस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के अंदर व्यापार करने वाले व्यवसायियों को अब ट्रेड लाइसेंस लेना होगा। नगरपालिका ने सख्ती के साथ पूरे शहर में यह व्यवस्था लागू की है। जिसके तहत ऐसी दुकान जो फुटपाथ पर हो या मेन मार्केट में हो, ठेला हो या गली-मोहल्ले की छोटी दुकान, शहर में कारोबार करने के लिए हर व्यापारी को ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। नगरपालिका ने इस संबंध में सूचना जारी कर मुनादी भी कराई है।

दरअसल ई-नगरपालिका 2.0 पोर्टल के लागू होने के बाद नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रावधान के तहत वर्ष 2023 में ही नगरपालिका ने ट्रेड लाइसेंस प्रस्ताव पारित कर दिया था, लेकिन इसे लागू नहीं किया गया था। अब सख्ती के साथ पूरे शहर में यह व्यवस्था लागू की जा रही है। नगरपालिका ने स्पष्ट किया है कि 76 प्रकार की दुकानों को लाइसेंस लेना जरूरी होगा। सीएमओ के मुताबिक शहर में सर्वे कराया जाएगा और सूची तय होगी कि किस-किस तरह के कारोबार व दुकानदारों की क्या संख्या है। अभी सूचना जारी की गई है और मुनादी कराई जा रही है और यदि कोई लाइसेंस नहीं लेगा तो संबंधित पर नियम अनुसार कार्रवाई होगी।

#### एक साल के लिए मान्य होगा लाइसेंस

यह लाइसेंस केवल एक वर्ष के लिए मान्य होगा और हर साल नवीनीकरण करना होगा। दो साल बाद लाइसेंस की फीस में 5 प्रतिशत तक की वृद्धि होगी। बताया गया कि पहले शहर में दुकानदारी करने के गुमाश्ता लाइसेंस बनवाना पड़ता था। ट्रेड लाइसेंस के लिए कारोबार को फुटकर, थोक, निर्माता व मिश्रित सहित पांच श्रेणियों में बांटा गया है। इसके लिए इन श्रेणियों में भी अलग-अलग दुकानदारी की अलग-अलग शुल्क लाइसेंस के लिए तय हैं। ट्रेड लाइसेंस बनवाने के लिए दुकानदारों को कई दस्तावेज भी प्रस्तुत करना होंगे, लाइसेंस शुल्क से नपा की आय बढ़ेगी।

#### 100 रुपए से 10 हजार तक वार्षिक फीस

लाइसेंस शुल्क दुकानों के साइज के आधार 100 रुपए से लेकर 10 हजार रुपए प्रति वर्ष तक होगा। अब तक करीब 200 दुकानदार ट्रेड लाइसेंस ले चुके हैं, जबकि शहर की लगभग 5 हजार दुकानों में अधिकांश ने अभी लाइसेंस नहीं लिया है। नगरपालिका को इससे सालाना 50 लाख रुपए तक की आय होने का अनुमान है। बताया जा रहा है कि कई दुकानदार शहर में व्यापार तो कर रहे है, लेकिन उन्होंने अभी तक ट्रेड लाईसेंस नहीं बनाया है। लेकिन अब सभी दुकानदारों को ट्रेड लाईसेंस बनाना अनिवार्य कर दिया है। यदि दुकानदार लाइसेंस नहीं लेगा तो संबंधित पर नियम अनुसार कार्रवाई होगी।

#### वित्तीय स्थिति सुधारने की कवायद

वित्तीय स्थिति में सुधार लाने के लिए नगरपालिका ने राजस्व वसूली पर जोर देना शुरू कर दिया है। इसके लिए सभी 16 सहायक राजस्व निरीक्षकों के वार्डों में फेरबदल किया गया है और वसूली सख्ती से की जा रही है। नगरपालिका सीएमओ सतीश मटसेनिया ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि हर निरीक्षक प्रतिदिन कम से कम 25 हजार रुपए की वसूली करें, तभी कर्मचारियों का वेतन भुगतान संभव होगा। कम वसूली करने वालों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जा सकती है। बैठक में कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक दुकानदारों के ट्रेड लाइसेंस बनवाए जाएं ताकि नपा की आय में वृद्धि हो।

#### लाइसेंस बनवाएं

ट्रेड लाइसेंस लेना सभी के लिए अनिवार्य हैं। भले ही आप गली-मोहल्ले में छोटी दुकान ही क्यों न संचालित कर रहे हो। हमने सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे ट्रेड लाइसेंस को लेकर ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करें और सभी के ट्रेड लाइसेंस बनवाएं।

**- सतीश मटसेनिया,**
सीएमओ नगरपालिका बैतूल

### फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया

## बैतूल स्टेशन पर कोयला लदी मालगाड़ी के वैगन में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



नागपुर की ओर से कोयला लेकर आ रही एक मालगाड़ी के वैगन में मंगलवार को अचानक आग लग गई। बैतूल रेलवे स्टेशन के करीब जैसे ही यह रैक पहुंची, मालगाड़ी के गार्ड ने देखा कि एक वैगन से धुआं उठ रहा है। स्टेशन प्रबंधक ने स्थिति को गंभीर देखते हुए नगर पालिका की फायर ब्रिगेड को बुलाया। मालगाड़ी को तीसरे नंबर प्लेटफॉर्म पर खड़ा कराया गया और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। आग बुझाने के बाद मालगाड़ी को आगे के लिए रवाना कर दिया गया। कोयला का यह रैक नागपुर के कोराडी से पावर हाउस खंडवा जा रहा था। रेलवे सूत्रों के अनुसार, आग कोयले के लोडिंग प्वॉइंट से ही लगी थी। जहां से कोयला भरा जाता है।

## बैतूल एसपी झारिया का तबादला वीरेंद्र जैन को मिली कमान



**बैतूल।** मध्यप्रदेश शासन ने सोमवार देर रात पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर फेरबदल किया है। इस फेरबदल में 30 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। बैतूल के एसपी निश्चल एन. झारिया का तबादला मुरैना बटालियन में किया गया है। उनकी जगह श्योपुर से 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी वीरेंद्र जैन को बैतूल का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। वीरेंद्र जैन इससे पहले छिंदवाड़ा में 8वीं बटालियन विशेष सशस्त्र बल में रहे हैं। साथ ही रीवा में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ और मऊगंज के एसपी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

## प्रेम प्रसंग में होटल संचालक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बैतूल।** एक होटल संचालक ने बेडरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अमित परवलकर (28) के रूप में हुई। घटना रविवार देर रात गंज थाना क्षेत्र में हुई। परिजनों को रात साढ़े दस बजे इसकी जानकारी मिली। अमित होटल मैनेजमेंट का कोर्स कर चुका था। वह गंज क्षेत्र में आई का भोजनालय नाम से होटल चलाता था। गंज टीआई नीरज पाल के मुताबिक शुरूआती जांच में सुसाइड करने की वजह प्रेम प्रसंग है। परिजनों ने जब उसे फांसी पर लटका देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। गंज थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना से एक दिन पहले उसने गुस्से में घर की खिडक़ी का कांच तोड़ दिया था। इस दौरान उसके हाथ में चोट भी लगी थी। आत्महत्या से पहले उसने फेसबुक पर लिखा था - अब अमित को दुआओं में सब याद रखना।

## 205 लोगों के आंखों की जांच, 49 मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

लायंस क्लब भौंरा द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें बैरागढ़ स्थित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय की विशेषज्ञ टीम ने मरीजों की आंखों की जांच की।

टीम में वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ.अरुण शुक्ला सहित पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद था। शिविर के शुरू होते ही दर्जनों लोग कतार में खड़े हो गए। 70 वर्षीय गोमती बाई ने कहा सालों से धुंधला दिख रहा था, अब डॉक्टर बोले कि ऑपरेशन होगा तो साफ दिखाई देगा। मेरे लिए तो यह शिविर भगवान से कम नहीं। वहीं 65 वर्षीय किसान रामलाल ने बताया कि खेत में काम करते वक्त आंखों की समस्या के कारण कई बार चोट लग चुकी थी। उन्हें उम्मीद है कि ऑपरेशन के बाद वे फिर से खुली आंखों से खेत देख पाएंगे। इस शिविर में 205 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। इनमें से 49 मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए, जिन्हें तुरंत ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर बैरागढ़ भेजा गया। लायंस क्लब की ओर से इन मरीजों को बस से रवाना किया गया। वहीं बाकी मरीजों को मौके पर ही ड्रॉप एवं दवाइयां दी गए। शिविर में सरपंच मीरा धुर्वे, डीपी मिश्रा, ओमप्रकाश कावडक़र, स्मिता उईके, उपाध्यक्ष पराग राठौर, राजेंद्र सिरोठिया, अशोक अग्रवाल, दिनेश गोयल, रूपनारायण मालवीय, दीनदयाल पाटनकर, राकेश साहू, बीआर घोडकी,कमल सिंह मासकोले, प्रेम उदयपुरे, प्रीतपाल जुनेजा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## पुण्यतिथि पर परिजनों ने मरीजों को वितरित किए फल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही

वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता स्व. नत्थुराव चढ़ोकार की प्रथम पुण्यतिथि पर परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैंसदेही में मरीजों को फल और बिस्कीट वितरित किये। इस अवसर पर पुत्र राहुल चड़ोकार एवं समाजसेवियो ने उन्हें याद कर छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। बता दे कि स्व. नत्थूराव चढ़ोकार का विगत वर्ष 9 सितंबर 2024 को स्वर्गवास हो गया था। स्व. नत्थुराव चढोकार ने भारतीय डाक सेवा (पोस्ट ऑफिस) में अपनी सेवाएं दी। नगर परिषद भैंसदेही में पदस्थ होकर अपनी सेवाएं देते हुए रिटायर हुए थे। स्व. चढोकार का रामलील मंच पर हास्य अभिनय सभी को सहज और आकर्षित करते थे। रिटायरमेंट के बाद स्व. श्री चढ़ोकार मानव अधिकार आयोग से जुड़ कर मानवीय अधिकारों के लिए अपनी सेवाएं देते रहे। अपने अनुभव, प्रशासनिक ज्ञान के कारण वह भारतीय मजदूर संघ से जुड?र जिला अध्यक्ष के पद पर रहते हुए मजदूरों के हित में कार्य किया। उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर सभी ने उन्हें याद कर उनके कार्यो की सराहना की। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश पाल, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष मारोति बारस्कर, वामन महाले, रामा, पारीसे, रघुनाथ मगरदे, जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वयक विकास कुमरे, समाजसेवी गुलाबराव सेलकरी, राज धाड़से, बीएमओ स्वाती बरखड़े, सुरज दवंडे, पयोष्णी वेलफेयर सोसाइटी एवं नगर विकास समिति, श्री साई शिक्षा युवा मंडल के पदाधिकारी गण, राजु गावंडे, अंकित राठौर, कमलेश कावडक़र, दिपक जैन, सुनील सोनारे, गोलु घानेकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अनुग्रह सहायता राशि का प्रकरण लंबित रखने पर तहसील के बाबू पर कार्रवाई

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में मुलताई तहसील के ग्राम गेहूं बारसा निवासी जगदीश सूर्यवंशी ने आवेदन के माध्यम से अनुग्रह सहायता राशि दिलाए जाने की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि अगस्त माह में बारिश के चलते उनका मकान गिर गया है, जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

आवेदक की व्यथा सुन कलेक्टर सूर्यवंशी ने गंभीरता पूर्वक प्रकरण की जांच की। जिसमें मुलताई तहसील कार्यालय में पदस्थ बाबू की लापरवाही से अनुग्रह सहायता राशि नहीं मिलना पाया गया। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने लापरवाह बाबू के पांच दिन का वेतन काटे जाने के निर्देश मुलताई तहसीलदार को देते हुए शीघ्र सहायता राशि दिलाए जाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान 135 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में मुलताई तहसील के ग्राम सावंगी निवासी रसना सूर्यवंशी ने आवेदन के माध्यम से बताया कि बैतूल इटारसी रोड स्थित निजी स्कूल में उन्होंने शिक्षिका के रूप में जॉइनिंग ली थी, जिसके लिए उन्होंने डिपॉजिट भी जमा किया था। सितंबर से अप्रैल माह की अवधि तक का मानदेय सहित डिपॉजिट की राशि 22 हजार 333 रुपए स्कूल संचालक द्वारा अब तक नहीं दिए गए हैं। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने श्रम विभाग के अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में शाहपुर तहसील के ग्राम भौंरा निवासी दीपक महोबिया ने आवेदन के माध्यम से भाइयों द्वारा स्वयं की जमीन पर प्रधानमंत्री आवास नहीं बनाने दिए जाने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने शाहपुर तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए।

#### अतिक्रमण को हटाने के दिए निर्देश

मुलताई तहसील के ग्राम सोनोरा निवासी कृष्ण राव देशमुख सहित अन्य ने ग्राम में हुए अवैध अतिक्रमण को चिन्हित कर हटाए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर सूर्यवंशी ने मुलताई तहसीलदार को ग्राम सोनोरा में हुए अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम बरई निवासी भारत बोबडे ने अवैध कब्जा हटाए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर सूर्यवंशी ने मुलताई तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल के बडोरा निवासी ऋषिराम सरले ने नामांतरण किए जाने की मांग की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर सूर्यवंशी ने बैतूल तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

### बिना काम निकाले 20 लाख, अधूरे काम और फर्जी भुगतान से ग्रामीणों में आक्रोश

# ठानी पंचायत में विकास के नाम पर लाखों का हुआ घोटाला!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

जनपद की ग्राम पंचायत ठानी में भ्रष्टाचार का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और उपयंत्री की मिलीभगत से सरकारी राशि का गबन कर लिया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत में जिन कार्यों को कागजों में पूरा दिखाया गया है, वे धरातल पर आज तक शुरू भी नहीं हुए। ग्राम बुचनवाड़ी में नाली निर्माण के लिए 6 लाख 17 हजार रुपये स्वीकृत हुए थे, जिनमें से 3 लाख 88 हजार रुपये फरवरी 2025 में निकाल लिए गए। लेकिन 9 सितंबर 2025 तक नाली का काम शुरू नहीं हुआ। इसी तरह सोखता गड्ढे के लिए 77 हजार रुपये आहरित किए गए, लेकिन गांव में एक भी गड्ढा नहीं खोदा गया। आंगनवाड़ी भवन सुधार कार्य के नाम पर 1 लाख 39 हजार रुपये खर्च दिखाए गए, लेकिन इसमें घटिया सामग्री का उपयोग कर कम लागत में काम कराया गया और ज्यादा राशि निकाल ली गई। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह कई काम केवल कागजों पर ही पूरे दिखाए गए हैं, जबकि गांव में स्थिति जस की तस है।

#### स्ट्रीट लाइट मरम्मत, इवने ट्रेडर्स और फर्जी बिलों का खेल

ग्रामीणों ने कलेक्टर जनसुनवाई में जो दस्तावेज पेश किए, उनमें कई और चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। पंचायत ने फोटोकॉपी और प्रिंटआउट के नाम पर 170 रुपये प्रति कॉपी की दर से बिल पास कर राशि आहरित की, जो सीधे-सीधे फर्जीवाड़े की तरफ इशारा करता है। वहीं स्ट्रीट लाइट मरम्मत और रखरखाव के लिए सरपंच पुत्र राहुल गोहे के नाम पर 3 लाख रुपये का भुगतान किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस कार्य का कोई भी सबूत नहीं है और लाइटें आज भी खराब हालत में हैं। इसके अलावा पंचायत के मेट बलवंत इवने और उसके भाई सतीश इवने को वर्ष 2022 से 2025 तक करीब 20 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। वहीं ठानी से 15 किलोमीटर दूर स्थित ₹इवने ट्रेडर्स₹ नामक फर्म से लगभग 50 लाख रुपये का भुगतान दिखाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि आमला बाजार महज 5 किलोमीटर दूर है, जहां से सामान सस्ता और आसानी से उपलब्ध हो सकता था, लेकिन फर्जी भुगतान करने के लिए दूर की फर्म से बिल लगाए गए।




#### मजदूरों के फर्जी नाम, नलजल योजना और डिजिटल सेंटर में भी गड़बड़ी

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि मनरेगा के तहत मजदूरों के फर्जी नाम मस्टररोल में दर्ज कर राशि का भुगतान कर लिया गया। इन मजदूरों ने कभी भी किसी भी तरह का काम नहीं किया। वहीं नलजल योजना 2022-23 के तहत पाइपलाइन और ट्रांसफॉर्मर सहित सभी व्यवस्थाएं पूरी कर दी गई थीं, लेकिन आज तक पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई है। इससे गांव के लोग पानी के लिए परेशान हैं। डिजिटल सेंटर पॉइंट के नाम पर भी लाखों रुपये का फर्जी भुगतान दिखाया गया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और उपयंत्री के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो और पंचायत में हुए सभी कार्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं गांव में कभी विकसित नहीं हो पाएंगी। शिकायत में रामाधार, मुकेश, कन्हैया, अनिल, बाबूलाल, दीपक, पप्पू, प्रदीप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### लाड़ली बहनाः नवीन आवेदन की प्रक्रिया बंद

**सीहोर।** जिले में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के नवीन आवेदन लेने की प्रक्रिया पूर्णतः बंद कर दी गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि कुछ संगठन, यूनियन और अन्य लोग योजना के आवेदन भरवाने के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं और लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। ऐसा होने पर नागरिक जिला कार्यक्रम अधिकारी से संपर्क करें।

### सभी अधिकारियों ने ली साक्षरता की शपथ

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत सभी अधिकारी कर्मचारियों को शपथ दिलाई। अपने गांव, शहर, मोहल्ले को संपूर्ण साक्षर करने के लिए अपना पूर्ण योगदान देने तथा अपने घर, परिवार, पड़ोस एवं गांव, शहर के सभी असाक्षरों को चिन्हांकित कर उन्हें साक्षर होने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। सभी साक्षर साथियों को अक्षर साथी बन कर राष्ट्र को संपूर्ण साक्षर बनाने में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करने तथा अपने क्षेत्र में चल रहे सामाजिक चेतना केंद्र में भी यथा संभव सहयोग देकर अपने गाँव, मोहल्ले, शहर को सम्पूर्ण साक्षर बनाने की शपथ दिलाई गई।

### नागरिकों की मांग साधु परंपरा के सभी मंदिरों का हो सीमांकन, कराया जाए निर्माण

# बावड़ी वाले मंदिर का होना है पुनर्निर्माण बाधाएं दूर करने सौंपा गया आवेदन

नरसिंह बावड़ी वाला मंदिर भवन का पुनर्निर्माण किया जाना है। जिसके लिए नागरिक प्रयासरत है। लेकिन कई कानूनी बाधाएं भी हैं, जिन्हें दूर करने का मांग पत्र सोमवार शाम नागरिकों की ओर से सोहागपुर एसडीएम को सौंपा गया है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर के पुरातन वैभव की पहचान नरसिंह बावड़ी वाला मंदिर भवन का पुनर्निर्माण किया जाना है। जिसके लिए नागरिक प्रयासरत है। लेकिन कई कानूनी बाधाएं भी हैं, जिन्हें दूर करने का मांग पत्र सोमवार शाम नागरिकों की ओर से सोहागपुर एसडीएम को सौंपा गया है।

सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी को सौंपे गए आवेदन अनुसार नगर के मुख्य बाजार में स्थित प्राचीन साधु परंपरा का श्री बिहारी नरसिंह मंदिर जीर्णोद्धार की स्थिति में है। शहरवासी प्रशासन से अपेक्षा करते हैं कि मंदिर के जीर्णोधार में आने वाली समस्त बाधाएं प्रशासन दूर करे। क्योंकि उक्त मंदिर एक पंजीबद्ध लोकन्यास की श्रेणी में आता है, जिसमें शासन-प्रशासन की भूमिका महत्वपूर्ण है। यदि शहर को प्रशासनिक सहयोग मिले तो सोहागपुर की धर्मगत पहचान के इस प्रतीक को सुंदर स्वरूप मिल सकता है। ज्ञापन अनुसार मंदिर में एक व्यक्ति यंगेश्वर दास द्वारा अनावश्यक अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है। जबकि उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा सात अगस्त 2024 को दिए गए आदेशानुसार महंत सुखराम दास की वसीयत से प्राप्त नामांतरित अधिकार समाप्त कर दिए गए हैं। इस आदेश के आधार पर यंगेश्वर दास अपने गुरु सुखराम दास की संपत्ति पर अधिकार नहीं रखते हैं। इसलिए श्री बिहारी जी नरसिंह मंदिर सोहागपुर की संपत्ति पर उन्हें हक जताने का अधिकार नहीं है। ज्ञापन अनुसार यंगेश्वर दास द्वारा दो अन्य मंदिरों के गर्भगृह नष्ट कर दिए गए हैं तथा धार्मिक स्थलों को वह व्यापारिक स्वरूप देते हैं। ज्ञापन अनुसार ग्राम शोभापुर तहसील सोहागपुर में भी एक मंदिर लोकन्यास के रूप में क्रमांक 153/55 में श्री देव बालाजी मंदिर राजा वाला के नाम से पंजीबद्ध है। 25 मई 2023 को रिसीवर नियुक्ति प्रकरण जिला न्यायालय भेजा जा चुका है, जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

#### हो मंदिरों का सीमांकन

ज्ञापन अनुसार साधु परंपरा के सभी मंदिरों का सीमांकन हो तथा नक्शे पर इन मंदिरों का चिन्हांकन कर चौहद्दी का निर्धारण कराया जाए। मंदिरों के सीमा क्षेत्रों में किए गए अतिक्रमण को भी हटाने की मांग भी की गई है। अगली मांग है कि श्री बिहारी जी नरसिंह मंदिर सोहागपुर के सर्वराहकर महंत हरिकिशन दास महाराज की मंशानुरूप मंदिर के जीर्णोद्धार के प्रयास में प्रशासन सहयोग करे। इस दौरान वरिष्ठ नागरिक चौधरी राजेंद्र सिंह, मंगल सिंह रघुवंशी, संतोष मालवीय, कन्नूलाल अग्रवाल, आलोक जायसवाल, अश्विनी सरोज, नीरज चौधरी, ऋषभ दीक्षित, नीरज यादव श्रीकांत पटेल व अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

# निराकरण के लिए संबंधित विभागों को पहुंचाए आवेदन

### मंगलवार को जनसुनवाई में आए 11 आवेदन




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

स्थानीय जनपद पंचायत सभागार में मंगलवार को सामूहिक जन सुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें 11 आवेदन नागरिकों ने समस्याओं के संबंध में दिये हैं। सभी आवेदन संबंधित विभागों को निराकरण के लिए पहुंच गए हैं।

प्राप्त जानकारी अनुसार बीपीएल कार्ड में नाम जुड़वाने, क्षतिग्रस्त वृक्ष हटाने, सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने, भूमि का सही व उचित सीमांकन करवाने, ग्राम में मुक्ति धाम को यथावत रखने एवं अन्य समस्याओं से संबंधित 11 आवेदन नागरिकों की ओर से जन सुनवाई में दिए गए हैं। सभी आवेदन संबंधित विभागों को निराकरण के लिए पहुंचाए गए हैं। जन सुनवाई में सभी संबंधित विभागों के प्रमुख उपस्थित थे।

# पुराने लड़ाई के मामले में समझौते का दबाव

### फरियादी के साथ की गई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर थाना क्षेत्र में एक पुराने पुलिस प्रकरण में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के साथ मारपीट कर समझौते का दबाव बनाया तथा मारपीट की है। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।सोहागपुर थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी 22 वर्षीय कृष्णकांत पिता मनमोहन पटेल जाति गुर्जर निवासी पथरई ने थाना सोहागपुर में इस आशय की प्राथमिकी इकलेश उर्फ अखिलेश पुर्विया,भरत पुर्विया, गोलू पुर्विया, श्रवण पुरविया सभी निवासी गुरारी एवं छोटे साहब पुर्विया निवासी बढ़ैयाखेड़ी के खिलाफ दर्ज कराई है। जिसके अनुसार 21 जुलाई 2025 को कृष्णकांत के दादा फुंदीलाल गुर्जर का झगड़ा अखिलेश एवं भरत पुर्विया से हुआ था, जिसका प्रकरण दर्ज था। तथा आठ सितंबर 2025 के दिन करीबन 12 बजे फुंदीलाल गुर्जर अपनी बाइक से संतोष के साथ न्यायालय सोहागपुर जा रहे थे। फुंदीलाल बाइक चला रहे थे। जैसे ही वे शोभापुर अंजलि हार्डवेयर के सामने पहुंचे तो अखिलेश,भरत एवं छोटे साहब पुर्विया ने फुंदीलाल का रास्ता रोककर गंदी गालियां दी। फुंदीलाल ने गालियां देने से मना किया तो अखिलेश, भरत एवं छोटे साहब पुर्विया हाथ में रखे लोहे की राड से फुंदीलाल को मारने लगे। जिससे फुंदीलाल को चोटें आई हैं। उक्त सभी आरोपी जाते हुए कह रहे थे कि यदि अपराध में समझौता नहीं करोगे तो जान से खत्म कर देंगे। घायल फुंदीलाल को परिजन इलाज के लिए नर्मदापुरम ले गए, जहां से एम्स अस्पताल भोपाल रेफर किया गया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 296, 115(2), 351(3), 126(2), 3(5) बीएनएस का प्रकरण कायम कर इसे विवेचना में लिया है।

**खास बात**

- आरोपी ने फरियादी पर किया राड से हमला, आई चोटे इलाज जारी

# इटारसी में सम्मानित हुए सोहागपुर सिंधी समाज के नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पूज्य सिंधी पंचायत इटारसी द्वारा गत दिवस एक रिसोर्ट में सिंधी समाज का जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह किया गया। जिसमें अतिथि रूप में जनसंपर्क अधिकारी अशोक मनवाणी भोपाल, नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा तथा इटारसी नपाध्यक्ष पंकज चौरे उपस्थित थे।

भारतीय सिंधु सभा एवं सिंधी विकास समिति इटारसी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में इटारसी,पिपरिया, नर्मदापुरम, सोहागपुर के सिंधी समाज के बच्चे, समाज इकाईयों व पूज्य सिंधी पंचायतों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस आयोजन में सोहागपुर सिंधी समाज की स्कूली प्रतिभाओं तथा समाजसेवियों को उत्कृष्ट सम्मान मिला।




#### ये हुए सम्मानित

जानकारी अनुसार सोहागपुर सिंधी समाज से कक्षाओं 10 तथा 12 में गत शिक्षा सत्र में 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चे सम्मानित हुए। जिनमें प्रार्थना इसरानी, प्रिंसी तोलानी, देव जेठानी, अक्षय जेठानी शामिल हैं। सिंधी समाज के रक्तदाता व युवा सामाजिक कार्यकर्ता लक्की किशनानी को शाल, श्रीफल एवं शील्ड से सम्मान किया गया। पूज्य सिंधी पंचायत सोहागपुर से ताराचंद कलतारी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सोहागपुर सिंधी समाज के वरिष्ठ नागरिक नारायण दास छाबड़िया, विजय जेठानी, मनोज इसरानी एवं राजेश जेठानी भी उपस्थित रहे।

# चौक-चौराहों पर अघोषित बस स्टापेज, रोकी जाती बसें



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर में इन दिनों पुलिस की अनदेखी के चलते मनमाने बस स्टॉपेज बनाए गए हैं तथा यात्री बसें मनमाने ढंग से रोकी जाती हैं। सबसे अधिक समस्या सिविल कोर्ट चौराहे पर होती है। जहां बीच चौराहे पर बसें रोकी जाती हैं। जिसके कारण यातायात बाधित होता है। साथ ही सदैव दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। प्रशासन व पुलिस के मौन से नागरिकों में नाराजगी है।

### इरफान बने सेवादल सोहागपुर ब्लॉक अध्यक्ष

**सोहागपुर।** सोहागपुर निवासी कांग्रेस कार्यकर्ता इरफान खान को



कांग्रेस सेवादल संगठन में सोहागपुर ब्लॉक अध्यक्ष अर्थात मुख्य संगठक नियुक्त किया गया है। उक्त आशय का नियुक्ति पत्र इरफान खान को गत दिनों संगठन के नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता ने भेजा है। पत्रानुसार खान की नियुक्ति कांग्रेस सेवादल प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव के निर्देश पर एवं सेवादल यंग ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी की अनुशंसा पर की गई है। इरफान खान की नियुक्ति पर कांग्रेसियों एवं साथियों ने उन्हें बधाई दी है।

# पचमढ़ी के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर किया गया अन्नप्राशन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

पंचमढ़ी मे दफाई मोहल्ला आंगनबाड़ी केंद्र में टीकाकरण सम्पन्न हुआ साथ हि अन्नप्राशन किया गया सेक्टर सुपरवाइजर रजनी मानडले द्वारा महिलाओं को स्तन पान पोषण आहार कि जानकारी दी गई हर्षाली सिस्टर ने भी महिलाओं को बच्चों के आहार टीकाकरण विटामिन ई और गर्भवती महिलाओं को विस्तार से जानकारी दी गई ममता सिस्टर ने महिलाओं को वीपी सुगर टेस्ट किया पुष्पा यादव गीता श्रीवास आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विमला चौधरी सुषमा रैदास रुक्मिणी साहू उमा पाल अभिलाषा ओर अन्य वार्ड कि महिला भी उपस्थित रही।

# इटारसी में 'लाल बाग के राजा' का भव्य विसर्जनः मुंबई जैसा दिखा माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सोमवार को इटारसी शहर के बैंक कालोनी में विराजित लाल बाग के राजा, श्री गणेश का विसर्जन एक भव्य समारोह के साथ किया गया। जिसने पूरे शहर को भक्ति और उत्साह के रंग में रंग दिया। चिंतामणि सार्वजनिक गणेशमंडल द्वारा बैंक कॉलोनी में स्थापित इस प्रतिमा के विसर्जन के लिए शहर का अब तक का सबसे लंबा और शानदार चल समारोह निकाला गया। जिसमें हर तरफ गणपति बप्पा मोरया की गूंज सुनाई दे रही थी।

चल समारोह का माहौल बिल्कुल मुंबई के प्रसिद्ध लालबाग के राजा जैसा लग रहा था। चल समारोह में शामिल हजारों लोग ढोल-धमाल, डीजे, और बैंजो की धुन पर नाचते रहे, माहौल ने हर



किसी को झूमने पर मजबूर कर दिया। विशेष रूप से, सिंधी कॉलोनी और सराफा लाइन में मंडल का स्वागत ऐतिहासिक रहा। यहां भक्तों ने फूलों की वर्षा, पायरों एंट्री की और जोरदार स्वागत के साथ लाल बाग के राजा को विदाई दी।

मंडल के सदस्यों ने बताया कि इस बार विसर्जन को एक यादगार अनुभव बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई थीं। उनका लक्ष्य था कि इटारसी में भी मुंबई जैसे विसर्जन का अनुभव लोगों को मिल सके और वे इस प्रयास में पूरी तरह सफल रहे। यह विसर्जन समारोह न सिर्फ भक्ति का प्रतीक था, बल्कि शहर की एकता और जोश को भी दर्शाता था। हजारों की संख्या में लोग इस विसर्जन यात्रा में शामिल हुए और गणपति बप्पा को अगले साल फिर आने का निमंत्रण देकर विदाई दी। चल समारोह के अंत में देर रात्रि नर्मदापुरम के सेठानी घाट पर प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

# 6 दिवसीय एक सप्ताह वन वीक अटल प्रोग्राम एफडीपी का हुआ आयोजन




**सीहोर।** श्री सत्यसाईं विश्वविद्यालय सीहोर की स्कूल आफ होटल मैनेजमेंट इकाई में 6 दिवसीय एक सप्ताह वन वीक अटल प्रोग्राम एफडीपी का आयोजन कुलगुरु डॉक्टर मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ।

इसके उद्घाटन समारोह में डॉक्टर एके सिंह पूर्व डायरेक्टर मध्य प्रदेश टूरिज्म मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक डॉक्टर शाहब अहमद ने बताया कि यह एफडीपी 8 से 13 सितंबर तक चलेगी। इसका शीर्षक टेक्नालोजीकल अपग्रेशन इन होटल एंड केटिरंग एंड लायइंग स्ट्रोल फाउंडेशन ऑफ हॉस्पिटलटी एंड टूरिज्म सेक्टर है। इसमें देश के नामचीन शिक्षण संस्थानों के प्रोफेसर एवं शिक्षकों ने रजिस्ट्रेशन करा कर हिस्सा लिया, आज के इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर विवेक शर्मा ने अपने दोनों सेशन में इस विषय के प्रमुख बिंदुओं पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किया। एआईसीटीई अटल और श्री सत्य साईं विवि सीहोर का मुख्य उद्देश्य है कि होटल मैनेजमेंट एवं टूरिज़्म सेक्टर के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्रदान करना एवं शिक्षकों को प्रशिक्षण देकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में सशक्त बनाना है। इस कार्यक्रम में कुल सचिव डॉ हेमंत शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय राठौर, सभी विभाग के प्राचार्य, शिक्षक गण छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालक देशदीपक द्वारा किया गया।

### सीसी सड़क का किया भूमि-पूजन



**भैरूंदा।** नगर के क्रमांक 14 पार्क कॉलोनी में सीसी रोड का भूमिपूजन हुआ भूमि पूजन के इस अवसर पर नपा अध्यक्ष मारुति शिशिर उपाध्यक्ष, प्रतिनिधि रितेश मकवाना, भाजपा मंडल मंत्री रवि पंवार, ओम पटेल, वार्ड के गणमान्य नागरिक सेंगर सर, दुर्गेश व्यास, पंकज, सोनल, प्रियांश अग्रवाल, राजू चावड़ा, रमेश मालवीय, सहित सीएमओ राम प्रसाद भावरे सहित सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कॉलोनी वासियों की जलभराव की समस्या का समाधान होगा।

# सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित होंगे अनेक कार्यक्रम, बैठक में लिए निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारतीय जनता पार्टी सीहोर की कामकाजी बैठक भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें विशेष रूप से भाजपा संगठन के आगामी कार्यक्रम जो कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित किए जाने है। उन सभी कार्यक्रमों को लेकर उक्त बैठक में दिशा-निर्देश समस्त मण्डल अध्यक्षों को दिए गए। बैठक की शुरुआत राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय व विधायक गोपाल इंजीनियर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीरों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन करने के साथ की गई। बैठक को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री द्वारा कहा गया कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन 17 सितम्बर को है। इसे हमें भव्य रूप से सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाना है।

मैं समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान करता हूं कि समस्त कार्यक्रमों को हम भव्य रूप से आयोजित करें। तत्पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा गया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के माध्यम से समाज के गरीब, शोषित तथा वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अनेक सामाजिक कार्य प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हो रहे हैं, उनका व्यक्तित्व अद्वितीय है।




प्रतिवर्ष विभिन्न प्रकार की सेवा एवं सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाते हैं और उनकी दीर्घायु एवं स्वस्थ रहने की कामना करते हुए प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देशन अनुसार सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर प्रधानमंत्री के जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम, प्रत्येक बूथ पर एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम, सभी मण्डलों में रक्तदान शिविर आयोजित करना, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित करना, जिला स्तर पर कालेज व सभागार में प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन, जिला स्तरीय प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन, वोकल फॉर लोकल का प्रचार, ग्राम स्तर से लेकर लोकसभा स्तर तक सांसद खेल कूद प्रतियोगिता, मोदी विकास मैराथन, 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया जाना, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती व लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसी के साथ बैठक को सीहोर विधायक सुदेश राय व आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर द्वारा भी संबोधित किया गया।

बैठक में विशेष रूप से राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, सीहोर विधायक सुदेश राय, आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर, जिला प्रभारी बहादुर सिंह मुकाती, जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता, धारासिंह पटेल, सीहोर नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भूपेन्द्र सिसोदिया मंचासीन रहें। बैठक का संचालन भाजपा जिला मंत्री जितेंद्र गौड़ द्वारा किया गया। बैठक में समस्त कार्यकर्ताओं का आभार मण्डल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति द्वारा किया गया। बैठक में भाजपा जिला पदाधिकारी, टोली के सदस्य समस्त मण्डल अध्यक्ष व मण्डल महामंत्री उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### जिला एडवोकेट संघ के चुनाव 27 को, मतगणना 29 को

**हरदा।** जिला एडवोकेट संघ के चुनाव की तारीख तय हो गई है। चुनाव 27 सितंबर को सुबह 10:30 से शाम 5:30 बजे तक होंगे। इसके बाद मतगणना 29 सितंबर को सुबह 10:30 बजे से शुरू होगी। नामांकन की प्रक्रिया मंगलवार 9 सितंबर से शुरू होगी। उम्मीदवार 11 सितंबर तक दोपहर 12 से 3 बजे के बीच अपना नामांकन जमा कर सकेंगे। 12 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 13 सितंबर को दावे-आपत्तियां ली जाएंगी। इन पर सुनवाई 15 सितंबर को होगी। उम्मीदवार 16 सितंबर तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। अंतिम सूची 17 सितंबर को जारी की जाएगी। इस चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष और ग्रंथपाल के एक-एक पद के साथ ही कार्यकारिणी के 10 पदों के लिए भी मतदान होगा। कुल 412 वकील वोट डालेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिल बिल्लौरे ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के कारण चुनाव की तारीख नहीं बढ़ाई जाएगी। यह चुनाव हर दो साल में होता है।

### 33 केवी फीडर से जुड़े क्षेत्रों में 12 को विद्युत प्रवाह अवरूद्ध रहेगा

**हरदा।** महाप्रबंधक विद्युत वितरण कम्पनी हरदा ने बताया कि 132 केवी सब स्टेशन हरदा के परिसर में आवश्यक सुधार कार्य के कारण सब स्टेशन से निकलने वाले 33 केवी फीडरों व उन पर आने वाले 33/11 केवी सब स्टेशनों से जुड़े सम्पूर्ण क्षेत्र में विद्युत प्रवाह अवरूद्ध रहेगा। उन्होने बताया कि 33 केवी फीडर सोनतलाई व कांकरिया, अबगांव खुर्द से संबंधित उपकेन्द्र रेलवा, सोनतलाई, कांकरिया, आदमपुर, पोखरनी व अबगांव खुर्द में 12 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्युत प्रवाह अवरूद्ध रहेगा।

### छात्रवृत्ति के ऑफलाइन नवीन आवेदन की अंतिम तिथि 18 सितंबर

**सीहोर।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 एवं 2025-26 के अंतर्गत विमुक्त घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु समुदाय के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के ऑफलाईन नवीन आवेदन प्रारंभ हो गए है, जिसकी अंतिम तिथि 18 सितंबर है।

### पिछले 24 घंटे में 0.4 एमएम औसत बारिश


**सीहोर।** जिले में बीते24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 0.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 3, मिलीमीटर, श्यामपुर में 0, आष्टा में 0, जावर में 0, इछावर में 0, भैरूंदा में 0, बुधनी में 0, रेहटी में 0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 8 सितम्बर को सुबह 8 बजे तक 934.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 969.9 मिलीमीटर थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 8 सितम्बर 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 850, मिलीमीटर, श्यामपुर में 868, आष्टा में 708, जावर में 690.6, इछावर में 867.3, भैरूंदा में 984, बुधनी में 1308 तथा रेहटी में 1199.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की वार्षिक साधारण सभा 15 को आयोजित

**सीहोर।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीहोर की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 15 सितम्बर दिन सोमवार को दोपहर 1 बजे प्रधान कार्यालय सीहोर में आयोजित की गई है। साधारण सभा की अध्यक्षता कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक बालागुरू के. द्वारा की जाएगी। बैंक के प्र. मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया है कि बैंक प्रतिनिधियों प्रशासकों को वार्षिक साधारण सभा में सम्मिलित होने के लिये सूचना पत्र भिजवाये गये है। सभा में वर्ष 2024-25 में हुए आय-व्यय की जानकारी देते हुए अनुमोदन किया जायेगा, तथा आगामी वर्ष के लिये बैंक के वार्षिक वजट एवं विभिन्न मदो में आय-व्यय के प्रावधानो को स्वीकृति प्रदान की जावेगी। सभी अतिथियो के स्वागत सत्कार एवं भोजन की व्यवस्था भी की गई है, जिले की सहकारी समितियो के बैंक प्रतिनिधियो/प्रशासको से बैंक की वार्षिक साधारण सभा में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### अपात्रों का राशन सूची से नाम हटाने का कार्य गंभीरता से किया जाए : कलेक्टर

# नियमों का उल्लघंन कर रहे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई हो, नल-जल योजनाओं का निरीक्षण करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने वाहन नियमों का उल्लंघन कर चलने वाले वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने के जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सवारी वाहनों में वाहन नियमों का पालन सख्ती से हो, यह भी देखा जाए। मंगलवार को आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि अपात्रों का नाम राशन सूची से हटाने का कार्य गंभीरता से किया जाए। बैठक में कलेक्टर जैन ने सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे गांवों में पहुंचकर निर्मित हो चुकी एवं निर्माणधीन नल जल योजनाओं की गुणवत्ता का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि नल जल योजनाओं के पंप आपरेटरों के पारिश्रमिक का नियमित भुगतान किया जाए। कहीं भी आपरेटर को भुगतन के अभाव में जलापूर्ति बाधित न हो।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों व समयावधि में संतुष्टिपूर्ण निराकरण के विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इसी तरह फसलों की गिरदावरी का कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए कहा गया। आंगनबाड़ी भवनों के मरम्मत कार्य की भी कलेक्टर जैन द्वारा समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सांसद खेल महोत्सव के आयोजन में ज्यादा से ज्यादा युवाओं का पंजीयन करवाने के निर्देश भी बैठक में दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल, जिला पंचायत के प्रभारी सीईओ प्रवीण इवने सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल, जिला पंचायत के प्रभारी सीईओ प्रवीण इवने सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में ग्राम कायदा निवासी रामप्यारी बाई ने कलेक्टर जैन को प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर उन्होने जनपद सीईओ टिमरनी को आवेदक की पात्रता अनुसार लाभ दिलाने के निर्देश दिये।

ग्राम रोलगाव निवासी राजेश मालवीय ने कलेक्टर जैन को जाति प्रमाण पत्र न बनने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने तहसीलदार हरदा को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में अहमद खान ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर बिजली बिल माफ कराने की मांग की, जिस पर उन्होने महाप्रबंधक विद्युत वितरण को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम निमाचा खुर्द के ग्रामीणों ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर गांव में नल- जल योजना पूर्ण कराने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने पीएचई विभाग को समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिये।



## तीन महीने पहले करंट लगने से हुई मौत के मामले में परिजन लगा रहे न्याय की गुहार



**हरदा।** छीपाबड़ थाना क्षेत्र के ग्राम कमताड़ी में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। मुंबई से राशन लेने आए 19 वर्षीय शुभम निमोरे की करंट लगने से मौत हो गई। घटना 19 जून की है। परिवार ने बिजली कंपनी के लाइनमैन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मंगलवार को शुभम की मां शांति बाई, पिता और तीन बहनें अपने इकलौते बेटे की तस्वीर लेकर जनसुनवाई में पहुंचे। शांति बाई का कहना है कि उनके बेटे को सर्विस लाइन नहीं बल्कि हाई टेंशन लाइन का करंट लगा था। तीन महीने बीत जाने के बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिला है। घटना के दिन शुभम नहाने के बाद अपना लोअर घर के सामने बंधे तार पर सुखा रहा था। इसी दौरान उसे करंट लग गया। मां ने लकड़ी की मदद से बेटे को बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक वह बेहोश हो चुका था।

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने परिजनों को एएसपी से मिलकर छीपाबड़ थाने जाने का निर्देश दिया है। वहीं बिजली कंपनी के उप महाप्रबंधक संजय यादव का कहना है कि जांच में सर्विस लाइन से करंट लगने की पुष्टि हुई है और नियमानुसार कार्रवाई की गई है। मूल रूप से कमताड़ी गांव के संतोष निमोरे मुंबई में परिवार के साथ मजदूरी करते हैं।

### किसानों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर टोकन की मांग की

## मक्का का रकबा बढ़ने से यूरिया की मांग बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में मक्का का रकबा तीन गुना बढ़ने से यूरिया की मांग में भारी वृद्धि हुई है। किसानों को यूरिया प्राप्त करने के लिए सुबह तीन बजे से ही लाइन में लगना पड़ रहा है।

एमपी एग्रो एवं विपणन संघ के गोदाम पर सोमवार को खाद मिलने की अफवाह पर किसान सुबह चार बजे से लाइन में लग गए। लेकिन पीओएस मशीन पर एंट्री न होने के कारण ग्यारह बजे तक वितरण नहीं हो सका। इससे नाराज किसानों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर टोकन की मांग की। कृषि उप संचालक जवाहरलाल कास्दे के अनुसार, 30 सोसायटियों और एमपी एग्रो के गोदाम से 80 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण किया जा रहा है। शनिवार को आए 2300 एमटी यूरिया में से 850 एमटी जिले के किसानों को आवंटित हुआ है। शेष यूरिया देवास और नसरूल्लागंज को भेजा गया है। खरीफ सीजन में 26500 एमटी की मांग के मुकाबले अब तक



25794.892 एमटी यूरिया प्राप्त हो चुका है। पिछले वर्ष यह मात्रा 23402.5 एमटी थी। कृषि विभाग मक्का की बोवनी का सही आकलन नहीं कर पाया, जिससे यूरिया की मांग अप्रत्याशित रूप से बढ़ी। प्रशासन ने 14 सहकारी समितियों में 22 टन और 16 समितियों में 25 टन यूरिया का भंडारण किया है। किसानों का आरोप है कि लाइन में कई फर्जी किसान खड़े हैं, जिससे कई किसानों को यूरिया नहीं मिल पा रहा है। किसानों की मांग है कि वितरण व्यवस्था में सुधार किया जाना चाहिए।

### विधायक का आरोप

किसानों की समस्या को लेकर कांग्रेस विधायक डॉ आरके दोगने और कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन विश्नोई एमपी एग्रो के गोदाम पहुंचे। जहां उन्होंने किसानों से चर्चा की। विधायक दोगने का कहना है कि कृषि विभाग के पास खाद के वितरण को लेकर कोई हिसाब नही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कल जो यूरिया आई है उसे पर प्राइवेट डीलरों को दे दिया गया है।

## जिले के 90 हितग्राहियों के खाते में 2 करोड़ 6 लाख रुपए की राशि अंतरित



**हरदा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में संबल योजना में अनुग्रह सहायता के प्रदेश के कुल 7953 प्रकरणों में 175 करोड़ रूपये की मदद सिंगल क्लिक से हितग्राहियों के खातों में अंतरित की, जिसमें हरदा जिले के 90 हितग्राहियों के खाते में मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत 2 करोड़ 6 लाख रूपये की राशि अंतरित की गई राशि शामिल है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट एनआईसी कक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहायक श्रम पदाधिकारी आशीष चौरसिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी व हितग्राही मौजूद थे। सहायक श्रम पदाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना में अनुग्रह सहायता योजना अंतर्गत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में जिले के 74 हितग्राहियों के खाते में 2-2 लाख रूपये तथा 14 हितग्राहियों के खाते में 4-4 लाख रूपये ट्रांसफर किये गये। इसके अलावा दुर्घटना में आंशिक रूप से अपंग हुए 2 श्रमिक को 1-1 लाख रूपये की आर्थिक सहायता संबल योजना के तहत दी गई।

## अंतरराष्ट्रीय नील गगन के लिए स्वच्छ वायु दिवस पर कार्यशाला आयोजित

### वायु प्रदूषण व ग्लोबलवॉर्निंग संबंधी विषयों पर संवेदीकरण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

अंतरराष्ट्रीय नील गगन के लिए स्वच्छ वायु दिवस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें वायु प्रदूषण एवं ग्लोबलवॉर्निंग संबंधी विषयों पर संवेदीकरण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच. पी सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय नील गगन के लिए स्वच्छ वायु दिवस के अवसर पर 7 सितंबर से 9 सितम्बर तक संस्थाओं में सन्दर्भित विषय पर चिकित्सा अधिकरियो, स्वास्थ्य कर्मियों, नर्सिंग स्टाफ, ए.एन.एम, कम्यूनिटी मोबिलाइजर, सी.एच.ओ, एम.पी.डब्ल्यू., बी. ई. ई. आदि का उन्मुखीकरण एवं प्रचार प्रसार की गतिविधियों आयोजित की जाना। इस अवसर पर डॉ सुनिल द्विवेदी जिला स्वास्थ्य अधिकारी,डॉ जे.के चौरे, डॉ एम.के.चौरे, डॉ शैलजा, महाजन,डॉ आर के चौधरी, डॉ रष्मि गडतिया, बीपीएम एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, सतत अभ्यास का परिणाम**

## सूर्योदय ग्लोबल अकादमी को राष्ट्रीय समूह गायन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

सूर्योदय ग्लोबल अकादमी के विद्यार्थियों ने भारत विकास परिषद, हरदा शाखा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय समूह गायन प्रतियोगिता 2025 में हिंदी गायन श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में जिले के अनेक विद्यालयों ने भाग लिया, परंतु सूर्योदय ग्लोबल अकादमी की टीम ने अपनी सुरमयी आवाज़, सुर-ताल का अद्भुत सामंजस्य और आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। दर्शकों ने भी प्रस्तुति की सराहना करते हुए तालियों की गड़गड़ाहट से



बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय की इस सफलता में मार्गदर्शक शिक्षक अनूज महंत तथा सहयोगी शिक्षकगण सोहन मालाकार और मोहित का विशेष योगदान रहा। प्रतिभागियों में नताशा रानवे, मोनिका राजपूत, मुस्कान बघेल, अगम जैन, दिशा जाट वैष्णवी वैरागी और जयश्री सोलंकी सम्मिलित रहे। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, सतत अभ्यास और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य सोनाली पारे ने बच्चों को निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उत्साहवर्धन के लिए शुभकामनाएँ दीं। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे हरदा जिले के लिए गर्व का विषय है।

## ढोल-अखाड़ों संग ईद मिलाद-उन-नबी का जुलूस निकला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

नगर में मुस्लिम त्योहार कमेटी ने सोमवार को ईद मिलाद उन नबी का जुलूस निकाला। यह जुलूस पैगंबर मोहम्मद की यौमे पैदाइश के अवसर पर आयोजित किया गया। गणेशोत्सव और प्रशासन के दिशानिर्देशों को देखते हुए जुलूस की तारीख आगे बढ़ाई गई थी। मूल रूप से यह त्योहार 5 सितंबर को मनाया गया था। कमेटी के संरक्षक नौशाद खान के अनुसार, जुलूस दोपहर में छावनी सराय से शुरू हुआ।

यह गांधी रोड, नमक चौराहा, लाल मस्जिद और कोतवाली चौराहा होते हुए आगे बढ़ा। फिर पुराना बस स्टैंड और मछली पुल से होकर मेन रोड के रास्ते तहसील चौराहे पर समाप्त हुआ। कसाई मंडी का जुलूस पुराने बस स्टैंड से कोतवाली चौराहा तक निकला। कस्बे का जुलूस कचेरी से शुरू होकर भोपाली फाटक और गांधी रोड होते हुए सराय तक पहुंचा। जुलूस में ढोल



और अखाड़े शामिल रहे। मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला अध्यक्ष अंसार पठान और नगर अध्यक्ष रेहान नवाब ने लोगों से जुलूस में शामिल होने की अपील की थी।

## छह शासकीय और एक निजी स्कूल तंबाकू मुक्त घोषित, कलेक्टर ने दिए प्रमाण-पत्र

**सीहोर।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा तंबाकू मुक्त शैक्षिक संस्थान बनाए जाने के दिशा निर्देश दिये गये हैं। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देश अनुसार जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय स्कूल ओर कॉलेजों को तंबाकू मुक्त बनाए जाने की लिए प्रयास किया जा रहे हैं। वर्तमान में छह शासकीय एवं एक अशासकीय विद्यालय को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया।

इसी क्रम में कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में टीएल बैठक में इन सातों विद्यालयों के प्राचार्य को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। भारत सरकार द्वारा तंबाकू मुक्त शैक्षिक संस्थाएं बनाए जाने के निर्देशों के तहत कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले की समस्त शैक्षिक संस्था प्रमुखों को कार्यवही करने और विद्यालय को तंबाकू मुक्त बनाये जाने की कार्यवही कि जाये इसी के तहत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सीहोर के प्राचार्य सुनीता जैन, शासकीय कन्या कस्तूरबा के प्राचार्य नीना दुबे,



शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उमावि सीहोर के प्राचार्य रुपश्री नागेश, शासकीय स्वामी विवेकानंद मंडी सीहोर के प्राचार्य हेमलता राठौर,शासकीय उमावि खंडवा के प्राचार्य हरिवंश पाठक, शासकीय हाई स्कूल जातखेड़ा के प्राचार्य मुकेश दुबे, अशासकीय ब्लू बर्ड हाई स्कूल के प्राचार्य जयंत दासवानी,इन सातों संस्था के प्राचार्य को प्रमाण पत्र वितरित किए।